पड़ाव महासी, डुंगामंदार दि. 26.11.79

प्रिय जुयाल जी,

[illegible] आपकी अस्वस्थता का समाचार सुनकर चिंता हुई। आशा है आप जल्दी स्वास्थ्य लाभ करेंगे।

पेड़ कटने का है। एक बहुत बड़े ठेकेदार - बच्चा (उत्तरायण फारेस्ट कं.) ने साढ़े तेरह लाख रुपये में लिया है। हमने नीलामी के बाद ही पांच संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में जहां पेड़ कटने से निश्चित रूप से चूरचलन होगा लिखा-पढ़ी स्थानीय से लेकर केन्द्र तक शुरू कर दी थी। उ.प्र. केबन सचिव का पत्र आया था कि मुख्य अरण्यपाल को यह लिखा गया है कि उन क्षेत्रों की जांच करें, परन्तु जांच के बजाय यहां तो वनाधिकारी के संरक्षण में लगभग 300 पुलहाड़ी वाले वन श्रमिक [illegible] पहुंच गये। लोगों ने पहले से ही अस्वीकार कर दिया था। श्रमिकों के आते ही महिलाओं ने उन्हें वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया। उनमें से अधिकांश [illegible] नीचे मोटर के पड़ाव चौटी में हैं। ठेकेदार के आदमी एक ढाबे के बाहर, जिसे गांव वालों ने उनसे खाली करा दिया था, पड़े हुए हैं। वन विभाग के कर्मचारी उनकी पूरी-पूरी मदद जनता में भय और लालच का वातावरण पैदा करके कर रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ झूठे मुकदमे बनाने व सशस्त्र पुलिस को बुलाकर जनता को आतंकित करने की उनकी योजना जिलाधिकारी की निष्पक्षता और सूझ बूझ के कारण विफल हो गई। अभी लखनऊ के आदेशों की प्रतीक्षा है। फिर भी कह नहीं सकता कि अगले एक सप्ताह में परिस्थिति क्या होगी।

आप आ सकते तो हमारे काम को बल मिलेगा। बाहरकी दुनिया से कोई संपर्क नहीं है। हिंदी के अखबारों — नवभारतटाइम्स, हिंदुस्तान व स्वतंत्र भारत में तो मैं लिखता हूं, पर अंग्रेजी प्रेस से कोई संबंध नहीं। भारत डोगरा दो दिन यहां रहकर चला गया। इसपर इलेक्ट्रिक टाइपराइटर के लिए कुछ लिखें।

हां विकास भाई का गाड़ी सहित आना बहुत ही उपयोगी होगा। वे सब ही योगेशजी को साथ लेकर चौटी पहुंच सकें तो अच्छा है। हमारी योजना है कि गाड़ी में श्री धनराम सती और एक माईक रहे और एक सप्ताह तक पूरे पर्वतीय क्षेत्र में घूम कर आंदोलन का प्रचार हो। हमें सेल्फ से चलने वाला एक माइक भी चाहिए। यह लगभग 800/- में आयेगा। इसके अलावा एक अतिरिक्त टेप रेकर्डर, कुछ कैसेट, छोटी फिल्म 35mm. के, एक आध स्लाइड बनाने के लिए रंगीन भी हो तो अच्छा (श्री जयंत बंधोपाध्याय, IIM, 30 Langford Road, बंगलौर के पास कुछ रंगीन स्लाइडें भी बनी हुई हैं। यदि वे पहुंच सकी तो उनका प्रदर्शन), चार्टिंग, कार्यकर्ताओं के लिए हल्के स्लीपिंग बैग उपयोगी होंगे।

यहां पर मेरे अलावा चुनाकोटे जी, विजयजड़धारी आज हैं। पुरुन और शिवराज जाजडा क्षेत्र में काम कर

Dear friend,

You will know more from the above letter. Kindly contact Sri Bharat Dogra (Phone No. 561590), regarding the book and the detailed news of this area. I was at Delhi on 24th night for a few hours. We are anxiously awaiting for Sri Vikas Bhai along with things we urgently need here. I have given a list of these.

1. Films 35 mm
2. Tape recorder for some days with Vikas Bhai
3. Cassettes
4. Medium size torch cells.
5. one Public Address set operated by cells or dry battery.
6. Mega mikes - 2

With Regards -

Yours Sincerely,

Surendra Bahuguna